पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 12 अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक-06.09.2024

दिनांक 05/06.09.2024 को थाना मोहनलालगंज 03, इटौंजा 02, चिनहट 01,गाजीपुर 01,गोमतीनगर विस्तार 01,कृष्णानगर 01,मडियांव 01,पारा 01,तालकटोरा 01 अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 12 अभियुक्त गिरफ्तार।

भा0द0वि0/बी0एन0एस0

थाना मड़ियांव-दिनांक 06.09.2024 थाना मड़ियांव द्वारा बताया गया कि वादिनी श्रीमती सावित्री राय निवासिनी आई0आई0एम0 रोड कृष्णा कॉलोनी थाना मड़ियांव लखनऊ ने थाना मड़ियांव पर सूचना दी कि दिनांक 29.08.2024 को समय करीब 07.55 शाम को बी0ओ0बी0 ए0टी0एम0 आई0आई0एम0 रोड महर्षि यूनिवर्सिटी पर पैसा निकालने गयी थी । वहाँ पर ए0टी0एम0 के पास पहले से अज्ञात 04 लोग मौजूद थे । वादिनी ए0टी0एम0 के अन्दर पैसे निकालने के लिये गयी तभी वो अज्ञात लोग भी ए0टी0एम0 के अन्दर आ गये और उसी बीच वादिनी का ए0टी0एम0 बदलकर चले गये । थोडी देर बाद वादिनी के ए0टी0एम0 से 50,000/-रुपये निकाल लिये गये । वादिनी द्वारा आस पास के कैमरे से पता लगाया तो वो 04 अज्ञात लोग कार से आये थे । **इस सूचना पर थाना मड़ियांव पर मु0अ0सं0 537/2024 धारा 318(4) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

थाना हजरतगंज-दिनांक 06.09.2024 थाना हजरतगंज द्वारा बताया गया कि वादी श्री मुकुन्द तिवारी निवासी 2/146 एफ,विशेष खण्ड गोमतीनगर लखनऊ ने थाना हजरतगंज पर सूचना दिया कि दिनांक 03.09.2024 को समय करीब 07.20 बजे शाम को वादी अपनी क्रेटा कार से डीएसओ क्रासिंग से हजरतगंज की ओर जा रहा था । जीपीओ के गेट जो कि क्राइस्ट चर्च कॉलेज के विपरीत है वहाँ एक आदमी लगभग 30 वर्ष का वादी गाडी के पिछले हिस्से पर ठोकने लगा । वादी ने गाडी रोकी तो वो चिल्ला कर शीशा पर जोर से मारने लगा । और शीशा नीचे करने को कहा और बोला कि उसे गाड़ी से चोट लग सकती थी जैसे ही वादी ने शीशा नीचे किया तो वो और जोर जोर से चिल्लाने लगा उसी वक्त एक व्यक्ति वादी की गाड़ी के दाहिने ओर शीशे पर जोर जोर से पीटने लगा और कहने लगा कि वादी की गाड़ी रोकने से जाम लग रहा है । इस सारे हंगामे के बीच में वादी ने अपनी गाडी आगे बढ़ाकर विधानसभा की तरफ मुड़ गया और जीपीओ गेट के पास यह पाया कि वादी का पर्स जिसमें आई0सी0आई0सी0 अमेजन क्रेडिट कार्ड, आई0सी0आई0सी0 कोरल क्रेडिट कार्ड,एचडीएफसी क्रेडिट कार्ड,एचडीएफसी डेबिट कार्ड,एसबीआई डेबिट कार्ड,यूनियन बैंक डेबिट कार्ड,बीओबी डेबिट कार्ड,कोटक डेबिट कार्ड-2,ड्राइविंग लाईसेन्स,बार कॉउन्सेल ऑफ इण्डिया आई0डी0 कार्ड,अवध बार एसोसिएशन आईडी कार्ड,अवध जिमखाना मेम्बरशिप एण्ड स्मार्ट कार्ड एमबी क्लब मेम्बरसिफ डेबिट कार्ड एण्ड स्मार्ट कार्ड और मोबाइल फोन उन व्यक्तियों द्वारा चोरी कर लिया गया है । **इस सूचना पर थाना हजरतगंज पर मु0अ0सं0 244/2024 धारा 303(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

थाना बिजनौर-दिनांक 06.09.2024 थाना बिजनौर द्वारा बताया गया कि वादी श्री नन्हा रावत पुत्र स्व0 छविनाथ निवासी समदपुरा जसमड़ा थाना हसनगंज जनपद उन्नाव ने थाना बिजनौर पर सूचना दिया कि वादी का पुत्र बलराम उम्र करीब 24 वर्ष लखनऊ मे रहकर थाना बिजनौर क्षेत्रान्तर्गत बिजनौर मे ही गार्ड कम्पनी में काम करता है। दिनांक 04.09.2024 को समय करीब 06.00 बजे शाम को बिजनौर से अपने कमरे पर मोटरसाइकिल से जा रहा था तभी भन्डारी पेट्रोल पम्प के सामने स्कूटर इन्डिया रोड पर एक डी0सी0एम0 गाडी यू0पी0 50 ए0टी0 5058 द्वारा कुचलकर भाग गया। तुरन्त लोक बन्धु हॉस्पिटल ले जाया गया जहाँ डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। **इस सूचना पर थाना बिजनौर पर मु0अ0सं0 249/2024 धारा 281/106(1) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

थाना ठाकुरगंज- आज दिनांक 06.09.2024 को थाना ठाकुरगंज द्वारा बताया गया कि श्री आशुतोष विश्वकर्मा पुत्र मूलचन्द्र विश्वकर्मा निवासी 544/928 चाणक्यपुरी एकता नगर बरौरा हुसैनबाड़ी मरी माता मन्दिर के पास थाना ठाकुरगंज लखनऊ ने थाना ठाकुरगंज पर सूचना दिया कि दिनांक 05.09.2024 को समय करीब 23.00 बजे रात्रि में मैनें,मेरे साथ बहन व जीजा ने देखा कि छत पर बने हुये कमरे में मेरे बड़े भाई आशीष कुमार विश्वकर्मा पुत्र मूलचन्द्र विश्वकर्मा केबल के तार से लटके हुए पड़े है और अन्दर से दरवाजा बन्द था तो हम तीनो लोगों ने मिलकर दरवाजा तोडा तो दरवाजे की कुण्डी छिटक गयी और दरवाजा खुल गया तो देखा कि मेरे बड़े भाई केबल के तार से लटके हुए है तो हम लोगो ने केबल काट कर कमरे के अन्दर बने सोफे पर लिटा दिया लिटाने के बाद मैने अपने मोबाइल फोन से 112 डायल किया। **इस सूचना पर म0उ0नि0 सीमा यादव मो0नं0- 6398697243 थाना ठाकुरगंज द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि आशीष कुमार विश्वकर्मा उम्र करीब 28 वर्ष पुत्र मूलचन्द्र विश्वकर्मा निवासी 544/928 चाणक्यपुरी एकता नगर बरौरा हुसैनबाड़ी मरी माता मन्दिर के पास थाना ठाकुरगंज लखनऊ बी0कॉम की पढायी करके नौकरी की तैयारी कर रहा है। आशीष कुमार विश्वकर्मा उपरोक्त के परिजनो द्वारा बताया गया कि आशीष कुमार विश्वकर्मा उपरोक्त अपनी पढायी को लेकर लगभग एक साल से डिप्रेशन में है। आशीष कुमार विश्वकर्मा उपरोक्त द्वारा केबिल के तार का फंदा बनाकर अपने कमरे की छत के पंखे से फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली है,शव पर कोई जाहिरा चोट नहीं है ,पंचायतनामा की कार्यवाही करते हुये आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।